www.amritvichar.com

सुविचार



कला एक हाथ को ब्रह्माण्ड की ओर और एक हाथ को विश्व की ओर बढ़ाकर खड़े होने का नाम है, तथा स्वयं को ऊर्जा के संचरण का माध्यम बनने देना है। -अल्बर्ट आइंस्टीन


# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली, रविवार, 2 नवंबर 2025


## बरेली के प्रमुख समाचार


- फर्जी किरायानामा से फर्म बनाकर 4.39 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी -II
- कंप्यूटर ऑपरेटर भर्ती परीक्षा में आधे से भी कम अभ्यर्थी हुए शामिल -III
- श्रद्धालुओं के लिए घाट तैयार, आज होगा चौबारी मेले का उद्घाटन -IV


## सिटी ब्रीफ

### लीलौर झील में 5 को नौका विहार और टॉय ट्रेन का होगा शुभारंभ

**बरेली, अमृत विचार :** शहर से करीब 45 किलोमीटर दूर रामनगर की लीलौर झील पर्यटकों के लिए बड़ा केंद्र बनने वाली है। झील में लोग परिवार के साथ नौका विहार, टॉय ट्रेन का आनंद लेने के साथ गेस्ट हाउस में स्टे क आनंद भी ले सकेंगे। डीएम अविनाश सिंह ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर 5 नवंबर को लीलौर झील में टॉय ट्रेन और नौका विहार का शुभारंभ होगा। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। टॉय ट्रेन के संचालन के लिए इंटर लॉकिंग का कार्य कराने के साथ पटरी बिछा दी गई है। झील किनारे पर्यटकों के ठहरने के लिए छोटी-छोटी हट भी बनवाए गए हैं। बंबू की कारीगरी भी पर्यटकों को लुभाएगी। वहीं बताते हैं कि 18 प्रकार से हट, उनके अंदर साजो-सज्जा की चीजें बंबू की बनवाई गई हैं।

### दवा व्यापार में आ रही समस्याओं पर की चर्चा

**बरेली, अमृत विचार :** डिस्ट्रिक्ट बरेली केमिस्ट्स एसोसिएशन की स्टेडियम रोड स्थित एक होटल में हुई मासिक सभा में दवा व्यापार में आ रही विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई। अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने कहा कि नई पॉलिसी के कारण थोक दवा व्यापार में कई दिक्कतें आ रही हैं और व्यापारियों को एकजुट होकर इन समस्याओं का सामना करना होगा। महामंत्री रितेश मोहन गुप्ता ने बताया कि जल्द ही बरेली में एक विशाल शैक्षणिक सभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के सभी जिलों के प्राधिकारियों के साथ प्रादेशिक और राष्ट्रीय अध्यक्ष व महामंत्री भी शामिल होंगे। कोषाध्यक्ष सुबोध गुप्ता, सुभाष गुप्ता, दिनेश रस्तोगी, अनिल पाहवा, राजीव भसीन, घनश्याम खटवानी, विजय बाटला और प्रदीप गुप्ता ने भी अपने विचार रखे।

### पौधरोपण अभियान की क्रॉस चेकिंग कराएं

**बरेली, अमृत विचार :** डीएम ने जिले में पौधरोपण महाअभियान के तहत लगाए गए पौधों की क्रॉस चेकिंग के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी विभागों से 10 दिन में क्रॉस चेकिंग करके रिपोर्ट डीएफओ को देने को कहा है। 2025 में जिले में वन विभाग के अलावा अन्य सरकारी विभागों ने 40 लाख से अधिक पौधे लगाए थे। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम अविनाश सिंह ने जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक में निर्देश दिए कि 2025 में सभी विभागों की तरफ से सफलतापूर्वक पौधरोपण का लक्ष्य पूरा किया। उन्होंने अभियान में लगे सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि सभी सत्यापन अधिकारी पौधरोपण की क्रॉस चेकिंग रिपोर्ट डीएफओ को दें।

### रेल मदद एप से बीमार बच्चे को मिली तुरंत दवा

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के कर्मचारियों ने रेल मदद एप पर सूचना मिलने पर तुरंत दिव्यांग दंपती के बीमार बच्चे को दवा उपलब्ध कराई। ट्रेन 15109 छपरा-मथुरा एक्सप्रेस के कोच संख्या ई-4 में बर्थ नंबर 33 और 34 पर दिव्यांग दंपती आलोक शर्मा और रंजना सिंह अपने 11 माह के बच्चे के साथ यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान बच्चे को तेज बुखार आ गया। दंपती ने तत्काल हेल्पलाइन नंबर 139 पर कॉल कर इज्जतनगर मंडल के वाणिज्य नियंत्रक कक्ष से संपर्क किया और बच्चे के लिए दवा की मांग की। मुख्य वाणिज्य निरीक्षक एचएस सागर ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तुरंत कार्रवाई की। दंपती को हाथरस सिटी स्टेशन पर वाणिज्य कर्मचारी कान्हा राम जलूथरिया ने दवाएं उपलब्ध कराईं।

## शादियां शुरू होते ही लगा जाम





देवोत्थान एकादशी से मांगलिक कार्य शुरू हो गए। शनिवार को शहर में बैंड-बाजे के साथ बरातें निकलीं तो चौपुला पुल, अटल सेतु, पीलीभीत बाईपास समेत कई जगह भीषण जाम लग गया और लोग काफी देर तक फंसे रहे। ● अमृत विचार

# सेटेलाइट बस अड्डे का पीपीपी मॉडल से निर्माण कार्य अटका

## सेना की एनओसी नहीं मिली, अब बस अड्डे का सिर्फ किया जाएगा विस्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सेटेलाइट बस अड्डे को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर विकसित करने की योजना को बड़ा झटका लगा है। सेना से एनओसी न मिलने के कारण इस योजना को अब आगे बढ़ाने में परेशानी हो रही है। संयुक्त आयुक्त ने मुख्यालय को पत्र भेजकर एनओसी न मिलने पर बस अड्डे को पीपीपी मॉडल से हटाकर विस्तारीकरण करने के लिए पत्र लिखा है, ताकि बस अड्डे पर सुविधाओं का दायरा बढ़ाया जा सके।

शासन की योजना के तहत उत्तर प्रदेश के 23 बस अड्डों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस करने के साथ वहां शॉपिंग कांप्लेक्स बनाए जाने हैं। इनमें बरेली का सेटेलाइट बस अड्डा भी शामिल है। पीपीपी मोड पर यहां 20,164 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में 137 करोड़ की लागत से आधुनिक सुविधाओं से लैस बस स्टैंड बनाने की कवायद दो साल से चली आ रही है। योजना के तहत शॉपिंग कांप्लेक्स की छत के नीचे बस अड्डा रहेगा। ऊपर का इस्तेमाल व्यावसायिक रूप से किया जाएगा। यहां माल, रेस्टोरेंट, पार्किंग, दफ्तर, बैंक आदि सुविधाएं शामिल हैं। चूंकि बस अड्डा सैन्य क्षेत्र के पास है। ऐसे में काम शुरू करने के लिए परिवहन निगम ने सेना से एनओसी मांगी थी, लेकिन इस पर सहमति नहीं मिली।

तीन माह पहले मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये परिवहन निगम अधिकारियों के साथ ही इस मामले में डीएम से भी बात की। इस दौरान एनओसी का मुद्दा उठने पर मुख्य सचिव ने इस तरह से डिजाइन बनाने के लिए कहा ताकि एनओसी की अड़चन ही न रहे। जिसमें भवन की ऊंचाई 15 मीटर से कम रखने की योजना थी, लेकिन जिस फर्म को जिम्मेदारी मिली उसने पीछे हाथ खींच लिए। अब संयुक्त आयुक्त के पत्र के बाद इस योजना को आगे बढ़ाने के लिए नए सिरे से प्रयास किए जा रहे हैं।



सेटेलाइट बस अड्डे पर खड़ीं रोडवेज बसें। ● अमृत विचार

### सीएम डैश बोर्ड की रैंकिंग पर भी असर

सेटेलाइट बस अड्डे का पीपीपी मॉडल पर काम शुरू नहीं होने से सीएम डैश बोर्ड की रैंकिंग पर भी असर पड़ रहा है। आरएम दीपक चौधरी ने बताया कि बीते दिनों मंडलायुक्त की बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हुई थी, जिसके बाद मुख्यालय को सूचित कर दिया गया है कि जब तक एनओसी नहीं मिलती, तब तक इस परियोजना को सीएम डैश बोर्ड की रैंकिंग में शामिल न किया जाए।

## मृतक आश्रित में फर्जी तरीके से नौकरी पाने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम में फर्जी नियुक्ति का मामला सामने आया है। एक व्यक्ति ने मृतक सफाई कर्मचारी लालजी के नाम पर खुद को उनका पुत्र बताकर मृतक आश्रित कोटे से नौकरी हासिल कर ली। शिकायतकर्ता ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और शासन स्तर तक मामले की जांच की मांग की है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने जांच के आदेश देकर संबंधित विभाग के अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है।

उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संगठन ने शिकायत की लालजी की मृत्यु 1983 में हुई थी, जबकि आरोपी की नियुक्ति लगभग 10 साल बाद हुई। आरोपी ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे नौकरी हासिल की और सालों तक वेतन प्राप्त किया। उसने अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर बनवाकर खुद को कार्यवाहक लिपिक भी घोषित कर लिया। इससे निगम को करीब एक करोड़ रुपये की क्षति हुई है। फर्जी तरह से नौकरी लेने वाले व्यक्ति के माता-पिता भी नगर निगम में कार्यरत थे। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य का कहना है में मामले में संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है।

## सचिव को बर्खास्त करने से पहले कारण बताओ नोटिस

- डीएम बोले- जवाब नहीं दिया तो बर्खास्तगी की संस्तुति कर रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी

**बरेली, अमृत विचार :** जिले की अलग-अलग ग्राम पंचायतों में विभिन्न मदों में करोड़ों रुपये के घोटाले करने वाले ग्राम विकास अधिकारियों पर कार्रवाई तेज हो गई है। 12 पंचायतों में 1.66 करोड़ रुपये का घोटाला करने के आरोप में फंसे ग्राम विकास अधिकारी (सचिव) सूरज पाल को बर्खास्त करने की कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गयी है। डीएम अविनाश सिंह ने घोटालों का संज्ञान लेते हुए ग्राम विकास अधिकारी सूरज को को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

डीएम ने शनिवार को कलेक्ट्रेट में बताया कि सूरजपाल पर भ्रष्टाचार करने के कई मामले संज्ञान में आए हैं। उससे सरकारी धनराशि की रिकवरी होगी। सूरजपाल ने कारण बताओ नोटिस का जवाब नहीं दिया तो उसे बर्खास्त करने की संस्तुति करते हुए शासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी। पंचायतों में भ्रष्टाचार करने वाले अन्य ग्राम विकास अधिकारियों पर भी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की भ्रष्टाचार, गबन, हेराफेरी या वित्तीय अनियमितता में संलिप्तता पाई गई तो उसके विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने हाल ही में पांच घोटालेबाज सचिवों की गबन संबंधी शिकायत प्राप्त होने पर कार्रवाई करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए हैं। बता दें कि ग्राम विकास अधिकारी सूरज पाल पर शेरगढ़ ब्लॉक की पंडरी में 41.69 लाख, सुल्तानपुर में 21.34 लाख, बकैनिया वीरपुर में 9.77 लाख, मानपुर पूर्वी में 9.14 लाख, रुस्तमनगर में 55155 रुपये, बसई में 31.42 लाख, कमुआ कलां में 14.82 लाख, औरंगाबाद में 21.57 लाख, क्यारा ब्लॉक की पंचायत सिमरा वोरीपुर में 1.31 लाख, बिथरी चैनपुर ब्लॉक की पंचायत परेवा कुइंया में 15.56 लाख रुपये का घोटाला करने का आरोप लगा है। सूरज पाल के अलावा कुलदीप पांडेय पर 91.29 लाख, नरेश दिवाकर पर 73.18 लाख, विपिन पांडेय पर 40.75 लाख और विपिन सक्सेना नाम के ग्राम विकास अधिकारी पर 32.97 लाख रुपये का भ्रष्टाचार करने का आरोप लगा है। सभी के खिलाफ जांच जारी है और रिकवरी की तैयारी चल रही है।

## नवंबर के पहले ही दिन सर्दी में टूटा गर्मी का रिकॉर्ड

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 15 साल पहले 18 नवंबर 2010 को न्यूनतम तापमान 19.8 डिग्री सेल्सियस हुआ था रिकॉर्ड

**अमृत विचार :** सर्दी का मौसम शुरू होने के बाद भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। नवंबर के पहले ही दिन न्यूनतम तापमान का 15 साल का रिकॉर्ड टूट गया जो अब तक के टॉप 10 में शामिल हो गया।

15 साल पहले 18 नवंबर 2010 को न्यूनतम तापमान 19.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ था। इसके अलावा आठ बार न्यूनतम अधिक तापमान 2010 से पहले ही रहा है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी तापमान में कोई अधिक बदलाव न होने का अनुमान लगाया है।

मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को तेज धूप खिलने से अधिकतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया। अधिकतम तापमान 29.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.3 डिग्री सेल्सियस अधिक 19.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

नवंबर में इससे अधिक न्यूनतम तापमान नौ बार रिकॉर्ड किया गया। इनमें 3 नवंबर 2001 को 19.6, 4 नवंबर 1969 को 19.7, 18 नवंबर 2010 को 19.8, 8 नवंबर 1998 को 20, 10 नवंबर 2006 को 20.4, 1 नवंबर 1977 को 20.6, 4 नवंबर 2001 को 20.7, 2 नवंबर 1977 को 21.2 और सबसे अधिक 14 नवंबर 1971 को 21.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था।

## जंक्शन पर आज से शुरू होगा सफाई मित्र बूथ

**बरेली, अमृत विचार :** यात्रियों की सुविधा और स्टेशन परिसर की स्वच्छता को और बेहतर बनाने के लिए बरेली जंक्शन पर सफाई मित्र सहायता बूथ की रविवार से शुरुआत होगी। इसके माध्यम से यात्रियों को सफाई से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए 24 घंटे सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

मुख्य वाणिज्य निरीक्षक (सीएमआई) मोहम्मद इमरान ने जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर बूथ की जगह चिह्नित कर दी है। बूथ पर तैनात कर्मचारी यात्रियों की शिकायतों या सुझावों को तत्काल दर्ज करेंगे और संबंधित सफाई कर्मियों तक सूचना पहुंचाकर समस्या का निवारण कराएंगे। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता का कहना है कि इस व्यवस्था से न केवल यात्रियों को स्वच्छ वातावरण मिलेगा।

## गर्भवती को निजी अस्पताल में ले जाने में स्टाफ नर्स और एएनएम दोषी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- स्टाफ नर्स की सेवा समाप्त, एक अन्य मामले में आशा की सेवा समाप्त
- डीएम ने एएनएम के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के सीएमओ को दिए निर्देश

**अमृत विचार :** बहेड़ी तहसील क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शीशगढ़ पर संविदा पर तैनात स्टाफ नर्स सुमन लता और एएनएम पूनम देवी प्रसव कराने के लिए गर्भवती को अपने फायदे के लिए निजी अस्पताल लेकर जाती थीं। शिकायत मिलने पर दोनों चिकित्सा अधीक्षक की जांच में दोषी पाई गई। डीएम के निर्देश पर सीएमओ ने स्टाफ नर्स की सेवा समाप्त कर दी और एएनएम के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई शुरू कराई गई है। इसके साथ ही गांव बंजरिया की आशा मनोरमा देवी की सेवा समाप्त कर दी गई।

डीएम अविनाश सिंह ने 30 अक्टूबर को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कर आयुष्मान भारत आरोग्य मंदिर की समीक्षा कर निर्देश दिये थे कि स्वास्थ्य केंद्रों पर सीएचओ की शत-प्रतिशत उपस्थिति कराएं।

जननी सुरक्षा कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहेड़ी की प्रगति कम मिली। चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि कुछ आशाएं निजी अस्पतालों में प्रसव कराने के लिए लाभार्थियों को ले जाती हैं। चिकित्सा अधीक्षक ने गांव बंजरिया की आशा मनोरमा देवी को लाभार्थी को निजी चिकित्सालय में प्रसव कराते हुए पकड़ा था। जिस पर डीएम ने आशा की सेवा समाप्ति के निर्देश जारी किए। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शीशगढ़ पर संविदा पर तैनात स्टाफ नर्स सुमन लता और एएनएम पूनम देवी की शिकायत मिली। जांच कराने को समिति गठित की।

समिति ने जांच रिपोर्ट दी, जिसमें सुमनलता और पूनम देवी को दोषी पाया गया। प्रकरण जिला स्वास्थ्य समिति के समक्ष रखा गया। समिति ने सुमनलता की सेवा समाप्त का आदेश दिया, जबकि एएनएम पूनम देवी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई शुरू कराई है।

## किला तक नई लाइन बिछाने की तैयारी

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर सबस्टेशन को जोड़ने के बाद अब किला सबस्टेशन को भी नए साउथ सिटी ट्रांसमिशन सब स्टेशन से जोड़ने की तैयारी की जा रही है। अभी किला सबस्टेशन पर 15 किलोमीटर दूर परसाखेड़ा से 33 केवी की लाइन आ रही है। नए ट्रांसमिशन से जुड़ने के बाद 25 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को बिजली कटौती और ट्रिपिंग से राहत मिलेगी।

अगले साल गर्मी के मौसम में बेहतर बिजली आपूर्ति देने के लिए विभाग की तरफ से अभी से काम कराने शुरू कर दिए गए हैं। इसके तहत पवन विहार में नया सबस्टेशन बनाकर जगतपुर और हरुनगला का लोड जोड़ा गया है। वहीं बदायूं रोड के साउथ सिटी में बनाए गए 220 केवी ट्रांसमिशन सब स्टेशन से पिछले दिनों सुभाषनगर सबस्टेशन तक की आपूर्ति को शुरू कराया गया था।

रिसर्च

केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान के स्थापना दिवस पर उप महानिदेशक कृषि प्रसार करेंगे टेक्नोलॉजी रिलीज

# अंडे से वैज्ञानिकों ने तैयार किए एग ड्रिंक, सीएआरआई में हुआ शोध

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान (सीएआरआई) के वैज्ञानिकों ने अंडे पर आधारित पौष्टिक पेय विकसित किया है। यह शोध देश में पहली बार विकसित की गई ऐसी तकनीक है, जिसमें अंडे के संपूर्ण पोषण को एक पेय के रूप में प्रस्तुत किया गया है। केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान के स्थापना दिवस पर इस तकनीक को आईसीएआर के उप महानिदेशक कृषि प्रसार डॉ. राजवीर सिंह औपचारिक रूप से रिलीज करेंगे।



संस्थान के वैज्ञानिकों ने इस एग-बेस्ड ड्रिंक को दो रूपों में विकसित किया है। होल एग ड्रिंक (जिसमें पूरा अंडा शामिल है) और एग एल्बुमेन ड्रिंक (जिसमें केवल अंडे का सफेद भाग उपयोग किया गया है)। दोनों पेयों की रासायनिक व पोषणीय संरचना का विश्लेषण किया गया, जिसमें पाया गया कि होल एग ड्रिंक में प्रोटीन (8.9 ग्राम/100 मिली), वसा (5.51 ग्राम/100 मिली) और कोलेस्ट्रॉल (186 मि.ग्रा./100 मिली) की मात्रा अधिक थी, जबकि एल्बुमेन ड्रिंक में नमी 84 प्रतिशत और खनिजों का संतुलन बेहतर पाया गया।

संस्थान के डॉ. आदगांवकर आदित्य बालासाहेब, डॉ. जयदीप जे. रोकड़े (सीनियर साइंटिस्ट इंचार्ज, पीएचटी, सीएआरआई (इज्जतनगर), डॉ. आशीम कुमार विश्वास (प्रधान वैज्ञानिक, एलपीटी डिवीजन, आईसीएआर-आईवीआरआई), डॉ. गौरी जैराथ (वैज्ञानिक, एलपीटी, आईसीएआर) और डॉ. नागेश सोनाले की टीम ने यह नवीन एग-बेस्ड ड्रिंक तैयार की है।

शोध के दौरान वैज्ञानिकों ने पेय के स्वाद को आकर्षक बनाने के लिए तीन फ्लेवर कोको पाउडर, इलायची और ठंडाई को शामिल किया। प्रशिक्षित पैनल के सेंसररी विश्लेषण में कोको पाउडर फ्लेवर को सर्वश्रेष्ठ माना गया। इसका रंग, स्वाद, मिठास और स्वीकार्यता के आधार पर उपभोक्ता पसंद में यह सर्वोच्च रहा। परिणामस्वरूप, कोको फ्लेवर को अंतिम उत्पाद के रूप में चुना गया। यह उत्पाद 41C तापमान पर भंडारण के दौरान स्थिर पाया गया, जिससे इसकी शेल्फ लाइफ में भी सुधार हुआ है। वैज्ञानिकों के अनुसार यह ड्रिंक बाजार में उपलब्ध एनर्जी और प्रोटीन पेयों का सशक्त विकल्प बन सकती है, खासकर बच्चों, खिलाड़ियों और स्वास्थ्य के प्रति सजग लोगों के लिए।

सीएआरआई के कार्यकारी निदेशक डॉ जगबीर सिंह त्यागी का कहना है कि इस तकनीक से न केवल अंडे के उपभोग को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि पोल्ट्री उद्योग को भी नए व्यावसायिक अवसर मिलेंगे। तकनीक के हस्तांतरण के बाद उद्योग इकाइयों की ओर से इस पेय को बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए अपनाया जा सकेगा।

### सीएआरआई में आज लगेगा विराट कुक्कुट मेला

**बरेली, अमृत विचार :** केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान (सीएआरआई) इज्जतनगर में रविवार को 47 वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इस मौके पर विराट कुक्कुट मेला एवं कृषक संगोष्ठी का आयोजन होगा, जिसमें देशभर से किसान, उद्यमी, छात्र, शोधकर्ता और पोल्ट्री उद्योग से जुड़े विशेषज्ञ शामिल होंगे। आईसीएआर के उप महानिदेशक कृषि प्रसार डॉ. राजवीर सिंह कुक्कुट मेला का शुभारंभ करेंगे। कार्यकारी निदेशक डॉ जगबीर सिंह त्यागी ने बताया कि मेले में कुक्कुट प्रदर्शनियों के माध्यम से मुर्गी, बटेर, टर्की, गिनी फाउल जैसी विभिन्न प्रजातियों को प्रदर्शित किया जाएगा।

## राजीव ट्रेडर्स पर फिर पांच लाख रुपये का जुर्माना

- नेकपुर में मानकों के विपरीत सड़क और नाली निर्माण कराने पर हुई कार्रवाई

**बरेली, अमृत विचार :** शहर के विभिन्न हिस्सों में निर्माण कार्यों में लापरवाही बरती जा रही है। नेकपुर में बिना नाली तोड़े ही कार्यदायी संस्था ने निर्माण कार्य शुरू कर दिया, जिसकी शिकायत मिलने पर जांच में पुष्टि हुई। मामले में मुख्य अभियंता ने कार्यदायी संस्था राजीव ट्रेडर्स पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

राजीव ट्रेडर्स पर तीन महीने पहले संजय नगर में नगर आयुक्त के निरीक्षण में सड़क और इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण में कमियां मिलने पर दो लाख का जुर्माना लगाया गया था। बीडीए ने भी फर्म पर काम में लेटलतीफी पर जुर्माना लगाया था। मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी ने बताया कि नेकपुर में सीसी सड़क और नाली निर्माण कार्य की निविदा राजीव ट्रेडर्स के पक्ष में स्वीकृत कर कार्यादेश जारी किया गया था। फर्म की ओर अधोमानक सामग्री का प्रयोग करने और पुरानी नाली को तोड़े बिना मानक के अनुरूप काम कराने पर नोटिस दिया गया, फिर भी कार्य को ठीक नहीं कराया गया। अब फर्म पर पांच लाख का अर्थदंड लगाते हुए सचेत किया है कि भविष्य में यदि किसी भी कार्य स्थल पर अधोमानक कार्य मिला तो फर्म ब्लैकलिस्ट कर दी जाएगी।

हर तरफ से निराश गुप्त रोगी मिलें
SEXOLOGIST
बचपन की गलतियां
आखिर कब तक शर्माते रहोगे

हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें
शीध्रपतन, शुक्राणुओं की कमी
डायबिटीज
मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैंनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज में पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीध्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।
मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीध्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।
मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।
क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीध्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic
YouTube पर Search करें
डा. शेख
भारत प्रसिद्ध
Best Sexologist in india आयुर्वेदा
मिलें हर मंगलवार
ईसाईयों की पुलिया
निकट सैटेलाईट बस स्टैण्ड
बरेली
9837023223

गुप्त रोगी मिलें

हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
पंजी. सं. 19706
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीवी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693 9837338306

## सिटी ब्रीफ

### पांच अभियुक्तों को जीआरपी ने दिलाई सजा

**बरेली, अमृत विचार :** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत जीआरपी बरेली जंक्शन ने पांच अभियोगों में पांच अभियुक्तों को सजा दिलाई है। पुलिस अधीक्षक रेलवे मुरादाबाद के निर्देशन में कोर्ट में विचाराधीन मामलों में पैरवी की गई। पहले केस में अभियुक्त नाविद निवासी देवचरा फाटक को एक माह 14 दिन की कैद व 500 रुपये जुर्माना, दूसरे में प्रदीप निवासी मेनगुजरी को एक माह 12 दिन की कैद, 500 रुपये जुर्माने, तीसरे में रोहित उर्फ शाकिर निवासी बरेली को नौ माह 26 दिन की कैद, 1000 जुर्माने की सजा, चौथे में रोहित को नौ माह 26 दिन की कैद व 1000 जुर्माने की सजा, पांचवें में हाशिम निवासी सुभाननगर को 21 दिन की कैद व 1000 जुर्माने की सजा सुनाई गई।

### मुकदमा वापस न लेने पर गोली मारने की धमकी

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र में एक युवक ने 10 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप है कि एक आरोपी ने मुकदमे में समझौता न करने पर एक सप्ताह में गोली मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। विश्वनाथ पुरम कॉलोनी निवासी ऋषि गुप्ता ने बताया कि उसने कुछ दिनों पहले हरिओम शर्मा, सचिन शर्मा, भूदेव शर्मा, कृष्ण गोपाल शर्मा, वाचस्पति शर्मा, सतीश मिश्रा, धर्मेन्द्र, बिलकिश, बारिस अली, श्रीकृष्ण व मोहम्मद खालिद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप है कि 19 अक्टूबर को मोहम्मद खालिद उसकी दुकान पर पहुंचा और रिपोर्ट वापस लेने को कहा। विरोध करने पर गाली देते हुए कहा कि अभी तो जा रहा हूं अगर मुकदमा वापस नहीं लिए तो एक सप्ताह बाद वापस आएंगे और गोली मारकर हत्या कर देंगे।

### 170 मीटर बिजली की केबल चोरी

**बरेली, अमृत विचार :** सीबीगंज इलाके में 170 मीटर बिजली की एल्टी केबल चोरी हो गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। शांतीपुरम कालोनी निवासी राजीव लाल ने बताया कि वह सीबीगंज के विद्युत भंडार केंद्र में सहायक भंडारी के पद पर कार्यरत हैं।शनिवार को भंडार केंद्र के पीछे की तरफ जाकर देखा तो पता चला कि केंद्र में रखा 170 मीटर केबल अज्ञात चोरों ने गायब कर दी है। साथ ही पूर्व में टूटी हुई दीवार से चोर घुसे हैं।

### निकाह के सात माह बाद युवती प्रेमी के साथ फरार

**बरेली, अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में निकाह के सात माह बाद एक युवती प्रेमी के साथ फरार हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित ने बताया कि बेटी को 29 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे राजू निवासी ग्राम श्याम नगर गौटिया उड़ला जागीर ले गया।

# बवाल के 28 आरोपियों को जमानत नहीं

## अपर सत्र न्यायाधीश अमृता शुक्ला की कोर्ट में हुई सुनवाई, सरकारी वकील ने अर्जियों का कड़ा विरोध किया

विधि संवाददाता, बरेली



**अमृत विचार:** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा के आह्वान पर 26 सितंबर को इस्लामिया ग्राउंड में जाने की जिद पर अड़ी भीड़ के पुलिस पर हमला कर बवाल करने के मामले में शनिवार को अपर सत्र न्यायाधीश अमृता शुक्ला की कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने तीन मुकदमों में 28 आरोपियों की जमानत अर्जियां खारिज कर दीं। सरकारी वकील अनूप कोहरवाल ने अर्जियों का कड़ा विरोध किया।

कोतवाली में एसआई राजीव कुमार शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 26 सितंबर को वह कुतुबखाना चौकी क्षेत्र स्थित इस्लामिया इंटर कालेज के ग्राउंड पर मौलाना तौकीर रजा की ओर से भीड़ इकट्ठा करने के आह्वान पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात थे। साथ में काफी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद था। करीब 3 बजे 500 मुस्लिम व्यक्तियों की भीड़ कुमार टॉकीज पर इकट्ठा हो गई। पुलिस बल ने भीड़ को समझाया और सभी को घर जाने को कहा और कहा कि इस्लामिया ग्राउंड में इकट्ठा होने की अनुमति नहीं दी गयी, जिस पर भीड़ में शामिल लोग उत्तेजित होने लगे और कहने लगे कि मौलाना तौकीर ने उन्हें बुलाया है। वे रुकने वाले नहीं है, यदि रोका तो धरना करेंगे। भीड़ उत्तेजित होकर उत्तेजित नारे लगाने लगी। कोहिनूर, हसन, साहिल, सईद अहमद, जुबैर, सलमान, रिहान, अफरोज, तकीम, अरहान, अहमद रजा, मो. फरहान रजा, अदनान रजा समेत 450 अज्ञात लोगों की भीड़ पुलिस पर हमलावर हो गयी। रोकने पर भीड़ ने पुलिस पर पथराव किया। भीड़ में शामिल उपद्रवी अवैध शस्त्रों से जान से मारने की नीयत से पुलिस पर फायर करने लगे। फायरिंग से एक गोली कांस्टेबल दिग्विजय को लगी, जिससे वह घायल हो गये। पुलिस ने जानलेवा हमला समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। कोतवाली थाने के मामले में अफरोज, अहमद रजा, अदनान, मो. फरहान, हरून, जुबैर, कोहिनूर, सईद अहमद, सलमान, बारादरी थाने के मामले में शमशाद अहमद, शाकिन, मोबिन शाह, ताजिम, तौहिन, उमैद, फैसल, मोहसिन, अरशाद, मुस्तकीम, रिजवान समेत सभी 28 मुल्जिमों की जमानत अर्जियां खारिज हुई।

### बवाल में निर्दोष को फंसाने का आरोप, एसएसपी से न्याय की गुहार

**बरेली, अमृत विचार :** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के इशारे पर 26 सितंबर को शहर में हुए बवाल के मामले में पुलिस सौ से अधिक उपद्रवियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अब इस मामले में निर्दोष को फंसाने का आरोप लगा है। पीड़ित की पत्नी ने एसएसपी कार्यालय में शिकायत की है, जनसुनवाई कर रहे अधिकारियों ने जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं। थाना इज्जतनगर क्षेत्र के फरीदाबाद चौधरी निवासी फरजाना ने शनिवार को एसएसपी कार्यालय में शिकायत की कि पुलिस उनके घर पहुंची और कहा कि जांच में उनके पति शफी अहमद का नाम 26 सितंबर को हुए बवाल में सामने आया है। उनके पति दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। उनका आईएमसी पार्टी या मौलाना तौकीर रजा की किसी बैठक या बवाल से कोई मतलब नहीं है। कुछ लोगों से पुरानी रंजिश के चलते उनके पति का नाम गलत तरीके से केस में शामिल कराया है। फरजाना ने मांग की कि किसी वरिष्ठ अधिकारी से उनके पति के मोबाइल फोन की लोकेशन की जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई उजागर हो सके। उनके बेगुनाह पति को झूठे मुकदमे में फंसाया गया तो परिवार तबाह हो जाएगा।

# पुलिस मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

संवाददाता, बरेली/आंवला



- आंवला थाना क्षेत्र से गैंगस्टर एक्ट में वांछित था दानिश

**अमृत विचार :** आंवला थाना क्षेत्र में गैंगस्टर एक्ट में वांछित हिस्ट्रीशीटर गौसिया चौक निवासी दानिश को शुक्रवार रात पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया।

पुलिस के मुताबिक शुक्रवार देर रात सूचना मिली कि वांछित आरोपी दानिश बिलायतगंज के पास स्थित बंद पड़े मकबरे में छिपा हुआ है। सूचना पर बाइक सवार पुलिसकर्मी जब मौके पर पहुंचे तो आरोपी वहां से भागने लगा। उसने खुद को घिरता देख पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की तो दानिश के दाहिने पैर में जा धंसी और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक तमंचा और दो कारतूस बरामद हुए। आरोपी के खिलाफ हत्या की कोशिश की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। 2 अगस्त को इंस्पेक्टर आंवला कुंवर बहादुर सिंह ने गैंगस्टर एक्ट के तहत गैंग लीडर दानिश और उसके साथियों रईस अहमद उर्फ घिर्री, लालू यादव, नेत्रपाल और मोवीन के खिलाफ कार्रवाई की थी। आंवला सीओ नितिन कुमार ने बताया कि दानिश के खिलाफ गैंगस्टर और आर्म्स एक्ट समेत 10 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। वह थाने का हिस्ट्रीशीटर भी है।

# फर्जी किरायानामा से फर्म बनाकर 4.39 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- राज्य कर अधिकारी ने बारादरी थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** एक व्यक्ति ने फर्जी किरायानामा से बोगस फर्म बनाकर 4.39 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी की। राज्य कर अधिकारी ने बारादरी थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

राज्य कर अधिकारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि जौनपुर में पंजीकृत एक फर्म सर्वश्री विनोद इंटरप्राइजेज जांच में बोगस पाई गई थी। फर्म रजिस्ट्रेशन के लिए जिस ईमेल और फोन नंबर का इस्तेमाल किया गया था, उस पर अन्य फर्मों का रजिस्ट्रेशन भी कराया गया था। इन फर्मों की जांच के आदेश दिए गए थे। इसके अलावा पीलीभीत बाईपास पर नवादा शेखान के पते पर दर्शायी गई फर्म सर्वश्री ठाकुर इंटरप्राइजेज की जांच जीएसटी पोर्टल पर की गई। जांच में पाया कि फर्म ने कोई आयात नहीं किया लेकिन कागजों पर तीन फर्मों को सप्लाई दिखाई गई। जांच में पाया कि फर्म का मालिक अभिषेक ठाकुर निवासी वैशाली विहार बिना इनवर्ड प्राप्त किए फर्जी आपूर्ति घोषित कर टैक्स चोरी कर रहा था। अभिषेक ने फर्जी बिलिंग के जरिए करीब 2441.95 लाख रुपये की सप्लाई दिखाकर 439.55 लाख रुपये का अवैध आईटीसी पास ऑन किया। बरेली रेंज ए के उपायुक्त टीम के साथ जब फर्म के पते पर जांच करने पहुंचे तो वहां एक मकान मिला। मकान पर फर्म का कोई बोर्ड नहीं था। मौके पर मिले वेदपाल ने बताया कि ठाकुर इंटरप्राइजेज नाम से कोई फर्म संचालित नहीं होती है। वेदपाल की पत्नी नीलम की तरफ से बनाए गए किरायानामा को दिखाया तो बताया गया कि नीलम की मृत्यु 2021 में हो चुकी है जबकि किरायानामा 2024 में बनाया गया था। आसपास अभिषेक का फोटो दिखाया गया लेकिन किसी ने उसकी पहचान नहीं की। इससे स्पष्ट हो गया कि फर्म खोलने के लिए जिस किरायानामा का प्रयोग किया गया है वह भी फर्जी है। अभिषेक ठाकुर के खिलाफ बारादरी थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस आरोपी अभिषेक की तलाश कर रही है।

# विवेचक ने बाल कल्याण समिति का नहीं माना आदेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- किशोर को राजकीय बाल संप्रेक्षण ग्रह नहीं ले जाकर तथाकथित बुआ के पास छोड़ा

**अमृत विचार:** बारादरी थाना क्षेत्र से गुमशुदा हुए किशोर को विवेचक ने बरामद करके बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया।

बाल कल्याण समिति ने बच्चे को राजकीय बाल संप्रेक्षण ग्रह शाहजहांपुर में रखने के आदेश दिए लेकिन विवेचक ने समिति का आदेश न मानकर किशोर को उसकी तथाकथित बुआ के घर पर छोड़ दिया। मामला संज्ञान में आने के बाद बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष ने एसएसपी को पत्र लिखकर विवेचक पर कार्रवाई करने को कहा है। बारादरी क्षेत्र से 17 साल का किशोर 18 अगस्त को लापता हो गया था। इसके बाद 19 अगस्त को बारादरी थाने में किशोर की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पिछले माह किशोर को बारादरी पुलिस ने 15 अक्टूबर को बरामद कर लिया था। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष दिनेश चंद्र ने बताया कि 17 साल का किशोर मूलरूप से शाहजहांपुर के कांठ थाना क्षेत्र का रहने वाला है। उसके माता-पिता की मौत होने के बाद वह बारादरी क्षेत्र में अपनी तथाकथित बुआ के पास रह रहा था।

अध्यक्ष ने बताया कि किशोर कश्यप है लेकिन बुआ ने उसका सर नेम शर्मा कर दिया था। किशोर को शाहजहांपुर में राजकीय बाल संप्रेक्षण ग्रह में रखने के लिए विवेचक को आदेश दिए गए थे, लेकिन विवेचक ने आदेश दरकिनार करते हुए उसे उसकी बुआ के घर पर छोड़ दिया। समिति के अध्यक्ष ने जब शाहजहांपुर में किशोर के पहुंचने की जानकारी की तो पता लगा कि वहां पर वह नहीं आया है।

## तीन किशोरी एक साथ प्रेमियों के साथ फरार

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र से एक साथ तीन किशोरी सहेलियां प्रेमियों के साथ फरार हो गईं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरियों की तलाश शुरू की एक किशोरी प्रेमी के साथ हिमाचल तो दूसरी रुद्रपुर गई है। तीसरी को पुलिस ने बरामद कर लिया। टीम दोनों की बरामदगी के लिए रवाना हो चुकी है।

बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि थाना क्षेत्र से दो 16 वर्षीय और एक 14 वर्षीय किशोरी 29 अक्टूबर को एक साथ लापता हो गई। परिजनों ने काफी तलाश की मगर कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस को पता चला कि 29 अक्टूबर दोपहर बाद तीनों किशोरी एक साथ घर से यह कहकर निकलीं कि वह बाजार में कपड़ा खरीदने जा रही हैं। घर से निकलने पर वापस नहीं लौटी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पता चला कि तीनों एक साथ ऑटो में बैठ कर सेटेलाइट बस अड्डे पर आईं और यहां से बस में बैठ कर निकल गईं। शनिवार को पुलिस ने एक किशोरी बरामद कर लिया।

# जमीन दोबारा बेच युवक को लगाया 40 लाख का चूना

- एसपी सिटी के आदेश पर पांच आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में जमीन के सौदे के नाम पर मीरगंज निवासी एक युवक को मामा-भांजों ने जमीन को दोबारा बेचकर 40 लाख रुपये का चूना लगा दिया। एसपी सिटी के आदेश पर इज्जतनगर थाना पुलिस ने मामा-भांजे समेत पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मीरगंज के गांव गहवरा निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि गांव के सुनील कुमार ने उन्हें एक प्लॉट खरीदने का ऑफर दिया। सुनील ने अपने भांजे कमल कुमार, अजय कुमार, बहन हरप्यारी और बहनोई नेतराम से मिलवाया। सभी ने बताया कि धौरैरा माफी गांव में उनका प्लॉट विवाद रहित है और वह इसे बेचना चाहते हैं। ओमप्रकाश ने प्लॉट बेटी ब्रजेश कुमारी के नाम खरीदने का सौदा तय किया। दिसंबर 2024 में एग्रीमेंट किया गया और कुल 40 लाख रुपये दिए गए। 31 मई को बरेली के उप-निबंधक कार्यालय में रजिस्ट्री कराई गई, लेकिन जब ओमप्रकाश ने दाखिल-खारिज के लिए तहसील में आवेदन दिया तो खुलासा हुआ कि वही जमीन साल 2004 में हरप्यारी ने युवराज सिंह नामक व्यक्ति को बेच दी थी। 2024 में भी इसी जमीन का एक और इकरारनामा खुशीराम और अखिल सक्सेना के नाम किया गया था। उन्होंने रजिस्ट्री ऑफिस में जांच कराई तो पता चला कि जिस जमीन की उन्होंने रजिस्ट्री कराई, वह पहले ही दो बार बेची जा चुकी थी। जब उन्होंने आरोपियों से रुपये लौटाने की बात की तो धमकी दी गई। ओमप्रकाश ने एसपी सिटी मानुष पारीक से शिकायत की। एसपी सिटी के आदेश पर पुलिस ने हरप्यारी, नेतराम, कमल कुमार, अजय कुमार और सुनील कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## एक्सल लिफ्ट डिवाइस के दुरुपयोग पर जुर्माना



ओवरलोड वाहन पर कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन अधिकारी व अन्य।

- आरटीओ की प्रवर्तन टीम ने चेकिंग में चार भारी वाहनों पर की कार्रवाई

**बरेली, अमृत विचार:** परिवहन विभाग ने मोटर यान अधिनियम के तहत भारी वाहनों की भार वहन क्षमता के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रवर्तन अधिकारी रमेश चंद्र प्रजापति ने शनिवार को एक्सल लिफ्ट डिवाइस के दुरुपयोग पर चार भारी वाहनों पर कार्रवाई कर 3.45 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

आरटीओ प्रवर्तन प्रणब झा ने बताया कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया, जिसमें कहा गया है कि टायर उठा कर फुल लोड लेकर संचालित वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। मोटर यान अधिनियम के अनुसार वाहन में लगे एक्सल की प्रकृति, सस्पेंशन, संख्या, टायरों की संख्या और साइज के आधार पर सरकार की ओर से अधिकतम सेफ एक्सल वेट मानक निर्धारित किया गया है। कुछ वाहन स्वामियों और चालकों ने वाहन में लगी एक्सल लिफ्ट डिवाइस के समानांतर अलग से एक स्विच लगा ली जाती है, जिससे वाहन में लगे एक्सल को वाहन के पूरी तरह लदे दशा में भी इसके टायर/एक्सल उठा लिया जाता है। मोटर यान अधिनियम में इस डिवाइस का दुरुपयोग माना है। अपील की कोई भी वाहन स्वामी इसका उल्लंघन न करें।

# एआई से बदलेगी जिले की ट्रैफिक व्यवस्था, हादसों में आएगी कमी

कार्यालय संवाददाता, बरेली




कार्यक्रम में मौजूद एडीजी, डीआईजी, एसएसपी व अन्य अफसर। • अमृत विचार

- यातायात माह की शुरुआत में अफसरों ने कहा कि सड़क सुरक्षा को आदत बनाएं जिम्मेदारी नहीं

**अमृत विचार :** यातायात माह की शनिवार को पुलिस लाइन से एडीजी रमित शर्मा ने शुरुआत की। इस मौके पर अफसरों ने कहा कि सड़क सुरक्षा सिर्फ जिम्मेदारी नहीं, बल्कि इसे अपनी आदत बनाना जरूरी है। अगर बच्चों को स्कूल स्तर से ही ट्रैफिक नियमों का पाठ पढ़ाया जाए तो भविष्य में सड़क हादसों में अपने आप कमी आने लगेगी।

एडीजी रमित शर्मा ने कहा कि इस अभियान में स्मार्ट सिग्नल सिस्टम, सीसीटीवी निगरानी और एआई आधारित ट्रैफिक कंट्रोल जैसी आधुनिक तकनीकें शामिल की जाएंगी, जिससे शहर की ट्रैफिक व्यवस्था और मजबूत होगी। डीआईजी अजय कुमार साहनी ने बताया कि पूरे जिले में जागरूकता रैली, स्कूल कार्यक्रम, पोस्टर अभियान और रोड शो चलेंगे। उनका लक्ष्य है कि 2030 तक सड़क हादसों को आधा किया जाए। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि 18 साल से कम उम्र के बच्चों को वाहन न चलाने दें। एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा यातायात नियम तभी सुरक्षित हैं जब लोग उन्हें जानें और समझें। हेलमेट, सीट बेल्ट और संयम से गाड़ी चलाना ही जीवन की गारंटी है। तेज रफ्तार और गलत साइड ड्राइविंग से बचें, क्योंकि इंतजार करने वाला परिवार घर पर होता है अस्पताल में नहीं। एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान ने बताया कि शहर में जाम की समस्या को कम करने के लिए कई बड़े कदम उठाए गए हैं। कुछ प्रमुख इलाकों में ई-रिक्शा पर आंशिक प्रतिबंध लगाया गया है, ताकि मुख्य सड़कों पर यातायात सुचारू रूप से चल सके। स्कूलों में ट्रैफिक जागरूकता कार्यक्रम और सोशल मीडिया के जरिए लगभग 1 करोड़ लोगों तक सड़क सुरक्षा के संदेश पहुंचाए गए। उनका कहना है कि 2025 में सड़क हादसों में कमी इन प्रयासों की सफलता को दर्शाती है। इस दौरान एसपी साउथ अंशिका वर्मा, एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्र और सीओ ट्रैफिक अंजनी कुमार तिवारी आदि मौजूद रहे।

## गन्ने का बकाया भुगतान के निर्देश

**बरेली, अमृत विचार:** गन्ना भवन सभागार में शनिवार को उप गन्ना आयुक्त राजेश मिश्र ने मासिक समीक्षा बैठक में पेराई सत्र 2025-26 के लिए सभी चीनी मिलों के प्रतिनिधियों और जिला गन्ना अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह क्रय केंद्रों की स्थापना और गन्ना उठान के लिए ट्रांसपोर्ट व्यवस्था को समय से और व्यवस्थित तरीके से पूरा करें।

चीनी मिलों में किसानों के लिए स्वच्छ पेयजल, विश्राम शेड, कुर्सियां, साफ-सफाई, प्रकाश, साफ सुथरी कैंटीन और स्वच्छ टॉयलेट जैसी सुविधाएं सुनिश्चित करें। चीनी मिल गेट पर न्यूनतम 10 टन से अधिक क्षमता वाले मैनुअल कांटा स्थापित करने और कंट्रोल रूम की स्थापना की स्थिति की समीक्षा की गई। उन्होंने सभी चीनी मिलों को बीते पेराई सत्र के बकाया गन्ना मूल्य और गन्ना विकास अंशदान को तत्काल भुगतान करने के निर्देश दिए। शोध केंद्रों से आवंटित गन्ना बीज के उठान की समीक्षा के दौरान जिला गन्ना अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गन्ना बीज को तत्काल उठाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करें।

# स्पाइन उपचार में नई तकनीक पर चर्चा, भयमुक्त सर्जरी की ओर बढ़ा कदम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- विशेष वैज्ञानिक क्लीनिकल बैठक में विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव
- आईएमए की ओर से हुआ आयोजन, बड़ी संख्या में चिकित्सक हुए शामिल

**अमृत विचार :** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की बरेली शाखा की ओर से शनिवार शाम स्पाइन प्रैक्टिस में दुविधाएं एवं नवीनतम प्रगति विषय पर एक विशेष वैज्ञानिक क्लीनिकल बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें जिले और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में चिकित्सकों ने भाग लिया।

आईएमए हॉल में आयोजित बैठक में रीढ़ की हड्डी से जुड़ी बीमारियों के आधुनिक निदान और उपचार विधियों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रतिष्ठित स्पाइन विशेषज्ञ डॉ. वरुण अग्रवाल ने बताया कि अब स्पाइन रोगियों को अत्यधिक भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि आधुनिक तकनीकों जैसे एंडोस्कोपी, रोबोटिक सर्जरी और नेविगेशन गाइडेंस ने सर्जरी को अत्यधिक सटीक, सुरक्षित और कम आक्रामक बना दिया है।

उन्होंने कहा कि आज कई जटिल समस्याओं का उपचार लोकल एनेस्थीसिया के माध्यम से संभव है, जिससे मरीज जनरल एनेस्थीसिया के दुष्प्रभावों से बच सकते हैं। नई तकनीकों के उपयोग से बेहतर परिणाम और तीव्र रिकवरी संभव हो रही है। पहले सत्र में बेसिक्स, डीजेनरेटिव, इंफेक्शन एवं फ्रेजिलिटी स्पाइन पर चर्चा हुई, जबकि दूसरे सत्र में एडवांस, एंडोस्कोपी, डिफॉर्मिटी एवं रोबोटिक स्पाइन विषयों पर विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा किए। डॉ. वरुण अग्रवाल, डॉ. नजीम मुगल, डॉ. नीरव आनंद सिंह, डॉ. राहुल जैन, डॉ. कुनाल सिंह, डॉ. स्वाप्रिल अरुण, डॉ. वरुण खेतान व डॉ. अंकिता वर्मा ने अपने अनुभवों पर आधारित नवीनतम ज्ञान और क्लीनिकल अपडेट प्रस्तुत किए। आईएमए अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव, चेयरमैन साइंटिफिक कमेटी डॉ. गिरीश अग्रवाल, सचिव डॉ. अंशु अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डॉ. शालिनी महेश्वरी, पीआरओ डॉ. कामेंद्र सिंह, रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रमुख वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. अर्जुन अग्रवाल, डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।



सेमिनार में मौजूद डॉ. अंशु अग्रवाल, डॉ. अतुल कुमार, डॉ. वरुण अग्रवाल व डॉ. नजीम।


आईएमए में आयोजित सेमिनार में डॉ. अर्जुन अग्रवाल व अन्य। ● अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### इंटर कॉलेज में करियर मेले का आयोजन



**बरेली, अमृत विचार :** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सैंथल में एक दिवसीय करियर मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैंथल के चेयरमैन कंबर एजाज शानू, जिला समन्वयक वीरेंद्र गंगवार, डीसी रामेश्वर प्रसाद, हेड कांस्टेबल रूपदेई हेड कांस्टेबल, पोस्ट मास्टर संजीव राठौर पोस्ट मास्टर आदि उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्राओं को करियर के विभिन्न विकल्पों के बारे में विस्तार से बताया और उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई। प्रधानाचार्य संजय सिंह ने कहा इस प्रकार के आयोजन से छात्राओं को अपने करियर के बारे में सही दिशा में सोचने में मदद मिलती है। करियर गाइडेंस प्रभारी समिति दोहरे, प्रिंसी गुप्ता, विशाखा कुमारी, सदफ परवेज और स्नेहलता चौधरी ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### भारती चौहान बनीं सपा महिला सभा की प्रदेश महासचिव



**बरेली, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव ने बरेली की भारती चौहान को प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी है। भारती चौहान को प्रदेश नेतृत्व में महत्वपूर्ण दायित्व मिलने पर जिलाध्यक्ष शिव चरन कश्यप, महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र सिंह यादव, समाजवादी आंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनकर, जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव, महानगर महासचिव पंडित दीपक शर्मा, बृजेश श्रीवास्तव, द्रोण कश्यप, जितेंद्र मुंडे, संजीव कश्यप, हरिओम प्रजापति, राम सेवक प्रजापति आदि लोगों ने बधाई दी।

## सीबीएसई परीक्षा की तिथि घोषित होते ही तैयारी शुरू

**बरेली, अमृत विचार:** सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की परीक्षा की तिथि घोषित होते ही जिले के स्कूलों में तैयारियां तेज हो गई हैं।

फरवरी में प्रस्तावित परीक्षाओं में लगभग 90 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे। स्कूलों ने दिसंबर तक सिलेबस पूरा करने का लक्ष्य तय किया है, ताकि जनवरी से पुनरावृत्ति और मॉडल पेपर अभ्यास कराया जा सके। कई स्कूलों में सुबह की अतिरिक्त क्लास और शाम को रिवीजन पीरियड शुरू हो गए हैं। शिक्षकों को कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने की जिम्मेदारी दी गई है। प्रायोगिक परीक्षाओं की तैयारी भी शुरू कर दी गई है।

# कंप्यूटर ऑपरेटर भर्ती परीक्षा में आधे से भी कम अभ्यर्थी हुए शामिल

## 4048 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित, डीएम और एसएसपी ने केंद्रों पर व्यवस्थाओं को परखा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** यूपी पुलिस में कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए की सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा जिले में शनिवार को 15 केंद्रों पर हुई। जिसमें आधे से भी कम अभ्यर्थी शामिल हुए। डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य ने केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अभ्यर्थियों से बात कर उनकी समस्या को भी जाना।

अफसरों के अनुसार परीक्षा में 6960 में से 2912 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 4048 अनुपस्थित रहे। केंद्रों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा की उपस्थिति और अनुपस्थिति दोनों का रिकॉर्ड देखा और कहा कि परीक्षार्थियों की संख्या और उनकी सहज परीक्षा व्यवस्था पर खास ध्यान दिया गया है। डीएम ने विशेष रूप से मौलाना आजाद इंटर कॉलेज, श्री गुरु गोविंद सिंह इंटर कॉलेज और श्री गुरु नानक रिक्खी सिंह कन्या इंटर कॉलेज का दौरा किया। उन्होंने परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरे, कंट्रोल रूम और अन्य निगरानी व्यवस्थाओं को परखा। पाया कि सभी उपकरण संचालित हैं। सुरक्षा और निगरानी में कोई कमी नहीं है। जिलाधिकारी के साथ एडीएम नगर सौरभ दुबे, पुलिस अधीक्षक यातायात मोहम्मद अकमल खान व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


बरेली कॉलेज से परीक्षा देकर बाहर आते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार


केंद्र का निरीक्षण करते डीएम।

## आईवीआरआई में डॉग शो आज

**बरेली,अमृत विचार :** रोहिलखंड कैनाइन क्लब की ओर से रविवार को आईवीआरआई परिसर में 46 वां अंतर्राष्ट्रीय डॉग शो का आयोजन होगा। जिसमें चार राज्यों यूपी, दिल्ली, पंजाब और हरियाणा के दर्जनों प्रशिक्षित व पुरस्कृत नस्लों के कुत्ते भाग लेंगे।

आयोजन समिति के अनुसार शो में जर्मन शेफर्ड, लेब्राडोर, साइबेरियन हस्की, डोबर्मन, पग, रॉटवीलर, बीगल, बुलडॉग जैसी विदेशी और भारतीय नस्लों के श्वान हिस्सा लेंगे। रोहिलखंड कैनाइन क्लब के उपाध्यक्ष अमित यादव के अनुसार यह डॉग शो अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार आयोजित होगा। आईवीआरआई प्रशासन के सहयोग से तैयारियों को विशेष ध्यान के साथ पूरा किया गया है। पशु चिकित्सकों की टीम मौजूद रहेगी। आयोजकों के अनुसार यह मंच श्वान प्रेमियों और प्रजनकों को एक-दूसरे से अनुभव साझा करने का अवसर देगा।

## नशा नाश का कारण: वेंकटेश्वर


गोष्ठी में सम्मानित हुए बच्चों के साथ अपर मुख्य सचिव एल. वेंकटेश्वर लू व अन्य।

- आईवीआरआई में अपर मुख्य सचिव ने संगोष्ठी में रखे विचार

**बरेली, अमृत विचार :** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आईवीआरआई के स्वामी विवेकानंद सभागार में शनिवार को कर्मयोग मद्य निषेध एवं विकसित भारत विषय पर आयोजित संगोष्ठी में अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण एवं सैनिक कल्याण विभाग एल वेंकटेश्वर लू ने कहा कि कि नशा नाश का कारण है, चाहे वो किसी प्रकार का हो। नशे में व्यक्ति संयम और मर्यादा को भूल जाता है।

उन्होंने नशा मुक्ति और अच्छे कार्यों के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने और विकसित भारत बनाने पर जोर दिया। मंडलायुक्त भूपेन्द्र एस चौधरी ने कहा कि नशा करने वाले के प्रति किसी भी प्रकार का सम्मान मन में न रखें। सभा में जो भी वरिष्ठ उपस्थित हैं वे सोचें कि आप लोगों के साथ जो लोग पढ़ते थे और नशे के आदी थे उनका हश्र आज क्या है, उसे देखते हुए आगामी पीढ़ी का सही मार्गदर्शन करें। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र- छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। संगोष्ठी में उप निदेशक समाज कल्याण अजय वीर, उप क्षेत्रीय मद्यनिषेध अधिकारी मनोज कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर, जिला दिव्यांगजन अधिकारी चमन सिंह, जिला सूचना अधिकारी नीतू कनौजिया, एनजीओ मानव संसाधन नशा उन्मूलन केन्द्र, कई विद्यालयों के प्राचार्य, अध्यापक, छात्र व छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

## सिटी डायरी




### सरदार पटेल की जयंती पर निकाली राष्ट्रीय एकता परेड

**बरेली, अमृत विचार :** महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी परेड का आयोजन हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। यह परेड महाविद्यालय गेट से प्रारंभ होकर अलखनाथ द्वार तक गई और महाविद्यालय वापस आई। परेड का आरंभ प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई अधिकारी डॉ. पूजा अग्रवाल, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. विपुल मेहरोत्रा, सह समन्वयक डॉ. नीतू शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया। प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को भारत की एकता एवं अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई। परेड के दौरान विद्यार्थियों ने पथिकों को राष्ट्र प्रेम एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।



### ऑल इंडिया रियल फॉर कल्चरल समिति ने मनाई पटेल जयंती

**बरेली, अमृत विचार :** ऑल इंडिया रियल फॉर कल्चरल समिति ने शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह का आयोजन संस्था के सभागार में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रजनीश सक्सेना के नेतृत्व में किया। इस अवसर पर सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि व्यापारी नेता वीरेन्द्र प्रसाद खंडेलवाल, कार्यक्रम अध्यक्ष सीएल शर्मा, अनुपम कपूर, पंकज अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम शुरू किया। डॉ. रजनीश सक्सेना अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने 565 रियासतों से बात कर एक सूत्र में पिरोया। इस मौके पर राकेश कुमार अग्रवाल, कनिष्क शर्मा, सीए विनीश अरोरा, संजीव सक्सेना, ऋषि रंजन सिंह, और अखिलेश शर्मा रहे।



### मैक्सा लाइफ हॉस्पिटल में डॉ. शोएब महबूब का स्वागत

**बरेली, अमृत विचार :** मैक्सा लाइफ हॉस्पिटल में शनिवार को हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. शोएब महबूब का स्वागत किया गया। डॉ. अनीस बेग ने उन्हें मैक्सा लाइफ हॉस्पिटल ज्वाइन करने के लिए बधाई दी और कहा कि उनके अनुभव से अस्पताल कार्डियो के क्षेत्र में और आगे बढ़ेगा। अस्पताल प्रबंधन, चिकित्सक व स्टाफ ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किए। डॉ. महबूब ने कहा कि उनका उद्देश्य मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराना है। डॉ. जावेद, डॉ. अरशद, डॉ. फहाद बिन हामिद, डॉ. फहमी, डॉ. मोहित गुप्ता, डॉ. मनीष अग्रवाल, मुशर्रफ अंसारी, अंजुम शमीम, डॉ. गयासुर रहमान, डॉ. डब्ल्यू एच सिद्दीकी, डॉ. नजमुल हसन, डॉ. इकबाल हुसैन, डॉ. मुजाहिद रेहान आदि मौजूद रहे।




### ज्योति कॉलेज में फ्रेशर पार्टी में छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत किया

**बरेली, अमृत विचार :** ज्योति कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट साइंस एंड टेक्नोलॉजी में शनिवार को फ्रेशर पार्टी आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रबंध निदेशक डीडी शर्मा, उप-निदेशक अखिलेंद्र सिंह, नर्सिंग विभाग के प्राचार्य डॉ. वीर विक्रम सहदेव सिंह, फार्मेसी के उप-प्राचार्य अजय कुमार यादव, कार्यकारी अधिकारी आरएस पाल और प्रशासनिक अधिकारी मनोज कुमार ने की। कार्यक्रम में सत्र 2025-26 के नए विद्यार्थियों का उत्साह के साथ स्वागत किया। बीएससी तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत किया। नर्सिंग के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मिस फ्रेशर और मिस्टर फ्रेशर में 15 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें बीएससी प्रथम सेमेस्टर के निखिल राय को मिस्टर और श्रेया सिंह को मिस फ्रेशर का ताज दिया गया। जीएनएम प्रथम वर्ष के इकरार मिस्टर फ्रेशर और अनुष्का मिस फ्रेशर बनी। प्रबंध निदेशक ने विजेताओं को ट्रॉफी देकर उनका उत्साहवर्धन किया। शिक्षिका प्रीति वर्मा, दीपशिखा, रश्मि और अंकिता प्रजापति मौजूद रहीं।

## हैंडबाल प्रतियोगिता के ट्रायल 4 को

**बरेली, अमृत विचार :** प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरुष हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम मुरादाबाद में 10 से 13 नवंबर तक किया जाएगा। इसके लिए जिला स्तरीय ट्रायल 3 नवंबर और मंडल स्तरीय ट्रायल 4 नवंबर को स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। वहीं महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता अलीगढ़ में 9 से 11 नवंबर तक होगी। इसके लिए जिला एवं मंडल स्तरीय ट्रायल स्पोर्ट्स स्टेडियम में 7 नवंबर को दोपहर 3 बजे से किए जाएंगे।

## बरेली चैंप्स, स्पोर्ट्स स्टेडियम जीते



**बरेली,अमृत विचार :** निशांत पटेल स्पोर्ट्स स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव के तहत क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को खेले गए दोनों मुकाबलों में बरेली की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। पहले मैच में बरेली चैंप्स ने आरबीएमआई क्रिकेट अकादमी को 39 रनों से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार कुशाग्र सागर को मिला। दूसरे मैच में स्पोर्ट्स स्टेडियम ने मुकुंद इंटरनेशनल स्कूल को 159 रनों के बड़े अंतर से मात दी। अभिषेक द्विवेदी मैन ऑफ द मैच बने। मैच में पुरस्कार वितरण कैंट विधायक संजीव अग्रवाल एवं अनुष्का ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी राकेश कुमार पटेल, डॉ. आदेश गंगवार ने किया।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर दिखाई सामाजिक एकजुटता की मिसाल

**बरेली, अमृत विचार :** मानव सेवा क्लब ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रोटरी भवन में सदस्य निर्देशिका पुस्तिका का विमोचन किया। क्लब ने सामाजिक प्रतिबद्धता की पहल करते हुए कार्यक्रम में दो कन्याओं को विवाह के लिए आवश्यक सामग्री, एक छात्रा की शिक्षा जारी रखने के लिए शिक्षण शुल्क की व्यवस्था की । कार्यक्रम में डॉ. अतुल वर्मा, कल्पना सक्सेना, जितेंद्र सक्सेना, मधु वर्मा, मुकेश सक्सेना, ब्रजेश कुमार, रीता सक्सेना, बेबी शर्मा, प्रकाश चंद्र सक्सेना और अरुणा सिन्हा ने अपने मधुर गीतों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान क्लब अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा को राष्ट्रीय एकता में योगदान के लिए कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने शाल और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य डॉ. सोमेश यादव, डॉ. अजय शर्मा, प्रो. राजेन्द्र भारती, रमेश गौतम, अनिल कुमार एडवोकेट और केबी अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आभार महासचिव प्रदीप माधवार ने व्यक्त किया।



# महिला वर्ल्ड कप : भारतीय टीम से जीत की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिले की महिला खिलाड़ियों ने कहा कि मैदान में उतरेगी नारी शक्ति, साउथ अफ्रीका पर भारी पड़ेगा भारत

**अमृत विचार :** महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप में रविवार को भारत और साउथ अफ्रीका की टीमों के बीच फाइनल मैच होगा। इस मैच को लेकर जिले के खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों में भी जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। सभी को भरोसा है कि भारतीय टीम अपने दमदार प्रदर्शन से जीत का परचम लहराएगी।

भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में 7 बार की विश्व विजेता टीम ऑस्ट्रेलिया को महिला क्रिकेट के इतिहास के सबसे बड़े लक्ष्य को हासिल करके फाइनल में जगह बनायी।

भारतीय टीम पहला विश्व कप जीतने से बस एक कदम दूर है। फाइनल को लेकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में अभ्यास करने आने वाली महिला खिलाड़ी भी उत्साहित दिखीं। वहीं खेल प्रेमियों का मानना है कि यह मैच भारतीय नारी शक्ति के जोश और जज्बे को नई पहचान देगा।



टीम इंडिया का आत्मविश्वास इस समय अपने चरम पर है। हमारी गेंदबाजी और फील्डिंग दोनों ही शानदार फॉर्म में हैं। अगर विपक्षी टीम के शुरुआती विकेट जल्दी गिरा लेते हैं, तो जीत भारत की झोली में होगी। -कनक गुप्ता



यह सिर्फ क्रिकेट नहीं बल्कि महिला सशक्तिकरण का प्रतीक है। भारतीय महिलाएं हर क्षेत्र की तरह मैदान में भी नई इबारत लिखेंगी। यह मुकाबला आत्मविश्वास और जुनून का संगम होगा। जिससे शानदार प्रदर्शन किया जाएगा। -शिवांगी



हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में टीम बेहद संतुलित है। टॉप ऑर्डर में स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा जैसी बल्लेबाजों की मौजूदगी से भारत का पलड़ा भारी रहेगा। उम्मीद है कि भारतीय टीम फाइनल में बेहतर प्रदर्शन करेगी और खिताब जीतेगी। - शिवा यादव

Rohilkhand
INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
दिल्ली का जाना-माना IVF सैन्टर
RISAA IVF
Creating life.... completing families.
अब अधूरे सपने होंगे पूरे
निःसन्तानता निवारण टेस्ट ट्यूब सैन्टर
परामर्श शुल्क
~~₹200/-~~ ₹100/-
दिन : प्रत्येक सोमवार व शुक्रवार
समय : प्रातः 10:00 से 02 बजे तक
उपलब्ध सुविधायें :-
★ निःसन्तानता सम्बन्धित जाँचें
★ टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर
★ लैब टेस्ट भारी छूट पर
★ इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड मात्र 200/- में

अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !
विशेषतायें:-
★ 25 वर्षों के अनुभव के साथ।
★ ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच )
★ उच्चतम सफलता दर ★ विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
देश विदेश में हजारों दम्पत्ति हुए लाभान्वित आइये आप भी यह उम्मीद पाएं.....
स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराहा, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं० 6398018900
पूर्ण एन.ए.बी.एच (NABH) से मान्यता प्राप्त हॉस्पिटल

## शहर में आज

- सनातन मंदिर मॉडल टाउन में कार्तिक महोत्सव शाम 7 बजे से।
- निशांत स्टेडियम में क्रिकेट टूर्नामेंट सुबह 8 :30 बजे से।
- पुलिस भर्ती परीक्षा सुबह 10 बजे से।
- कार्तिक चौबारी मेला का उद्घाटन शाम 4 बजे।
- रोहिलखंड कैनाइल क्लब का डॉग शो आईवीआरआई स्पोर्ट्स ग्राउंड में सुबह 9 :30 बजे से।
- केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान के स्थापना दिवस पर कुक्कुट मेला सुबह 11 बजे।
- एसआरएमएस रिद्धिमा में कथक प्रस्तुति ' महफिल ए अवध ' शाम 5 .15 बजे से।

## सिटी ब्रीफ

### युवा पीढ़ी को बताए तनाव मुक्त रहने के उपाय

**बरेली, अमृत विचार** : मॉडल टाउन स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में कार्तिक महोत्सव के सातवें दिन दिल्ली से आए मनीष चौहान ने युवा पीढ़ी को तनाव से बचने के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि आजकल युवा पीढ़ी पढ़ाई और प्रतिस्पर्धा में तनाव ग्रसित जीवन व्यतीत कर रही है। वह इस तनाव को कम करने के लिए ध्यान, भजन और कीर्तन कर सकते हैं। साथ ही मंत्र का जाप और श्रीमद्भगवत गीता जैसे धर्मग्रंथों के ज्ञान का मनन करना चाहिए। अजय अरोड़ा ने बताया कि मनीष चौहान का व्याख्यान चिंता मुक्त जीवन भक्ति के साथ दो दिन और चलेगा। आज के महोत्सव में सनी कक्कड़, राकेश, कृष्णा धमीजा, इशांक चांदना, कुश अरोड़ा, गोपाल आनंद, बिट्टू बांगा, अमित पाल आदि लोग मौजूद रहे।

### वार्डन को बचाव का प्रशिक्षण दिया

**बरेली, अमृत विचार** : अर्बन हाट के ऑडिटोरियम में नागरिक सुरक्षा वार्डन और क्षमता निर्माण पी एंड सीबी कोष के तहत शनिवार को प्रशिक्षण के पांचवें दिन प्रथम सत्र में उपनियंत्रक राकेश मिश्र ने मल्टी कैजुअलिटी इंसीडेंट और ट्रायएज (चुनना) के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि घायल व्यक्ति के साथ कौन सी घटना हुई है, उसी अनुरूप उसकी सहायता की जाती है। उन्होंने रक्त संचरण, कैपिलरीज और बचाव की आपातकालीन विधियां बताईं। एडीसी पंकज कुदेशिया, डिप्टी चीफ वॉर्डन रंजीत वशिष्ठ, डिविजनल वार्डन आरक्षित शिवलेश चंद्र पांडेय, अंजय अग्रवाल, कलीम हैदर सैफी, कंवलजीत सिंह मौजूद रहे।

# श्रद्धालुओं के लिए घाट तैयार, आज होगा चौबारी मेले का उद्घाटन

## साढ़े तीन फुट के जल स्तर तक बैरिकेडिंग की गई, सुरक्षा के इंतजाम पूरे, नखासा में बढ़ने लगी रौनक, घोड़ों की साज-सज्जा की दुकानें गुलजार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** कार्तिक मास में रामगंगा किनारे लगने वाले चौबारी मेले का रविवार को औपचारिक रूप से उद्घाटन किया जाएगा। गंगा किनारे श्रद्धालुओं को डुबकी लगाने के लिए घाट बनाए जा चुके हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रशासन की ओर से पूरे इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा को देखते हुए साढ़े तीन फुट के जल स्तर तक बैरिकेडिंग की गई है। लोहे की जाली भी लगाई गई है, ताकि कोई श्रद्धालु धोखे से भी गहरे पानी में न जा सके।

स्नान के लिए दो घाट तैयार किए गए हैं, जिसमें एक घाट चौबारी और दूसरा घाट अंगूरी पर बनाया गया है। घाट के किनारे वॉच टॉवर बनाए गए हैं, जिनसे स्नान करने वालों पर पूरी नजर रखी जाएगी। अंगूरी घाट किनारे जलस्तर कम है। पिछले वर्ष भी इसी घाट पर लाखों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई थी। मेले में 8 बड़े झूले लग रहे हैं। दुकानें लग गईं। सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए थाना, अस्पताल, फायर स्टेशन सहित कई कैंप लगाए जा रहे हैं। करीब 8 दिन तक चलने वाले मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु गंगा में डुबकी लगाने पहुंचेंगे।


रामगंगा चौबारी मेले में लगीं दुकानें और झूले। ● अमृत विचार


मेले में लगे नखासे में बिक्री के लिए आए घोड़े। ● अमृत विचार

### कल से शहर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

**बरेली, अमृत विचार** : चौबारी मेले के दौरान शहर में 3 नवंबर की सुबह 8 बजे से 5 नवंबर की रात 10 बजे रूट डायवर्जन रहेगा। मेले के मुख्य स्थल रामगंगा चौबारी के पास देवरना, चौपुला और बुखारा मोड़ से कोई भी भारी वाहन या रोडवेज बस प्रवेश नहीं करेगी। ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से इस दौरान बरेली–बदायूं रोड का इस्तेमाल न कर वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करने को कहा है। एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान ने बताया कि बदायूं से बरेली आने वाले वाहन भमोरा, देवरना चौराहा, दातागंज, फतेहगंज पूर्वी और बड़ा बाईपास होते हुए शहर में प्रवेश करेंगे। वहीं बदायूं की ओर जाने वाले वाहन लखनऊ, शाहजहांपुर और पीलीभीत मार्ग से दातागंज और फतेहगंज पूर्वी होते हुए बड़ा बाईपास से अपने गंतव्य तक जाएंगे। दिल्ली, मुरादाबाद और रामपुर की ओर से आने वाले वाहन झुमका तिराहा, बड़ा बाईपास, फरीदपुर, फतेहगंज पूर्वी, दातागंज और देवरना चौराहा होते हुए बदायूं की तरफ जाएंगे।

### अवलक, पच कल्यान नस्ल के घोड़े पहुंचे

मेले में लगने वाले नखासे में दूर- दूर से लोग अपने जानवरों को बेचने के लिए पहुंचते हैं। पहले नखासा बहुत बड़े क्षेत्र में लगता था, लेकिन प्रत्येक साल इसका दायरा सिमटता जा रहा है। नखासा लगने वाली जगह पर प्लॉटिंग हो रही है। लोगों ने बुनियाद भरवा रखी है, इसलिए वहां तक पहुंचने के लिए सीधे रास्ते कम हैं। लोग नखासे में सैकड़ों घोड़ी- घोड़ा लेकर पहुंच चुके हैं। सैथल निवासी नदीम के पास पच कल्यान नस्ल का घोड़ा है। वह 4 घोड़ों को बेचने आए हैं। वह बताते हैं उनका काम घोड़ा खरीदना और बेचने का काम है। वह साल भर में कई जगह के नखासों में खरीद फरोख्त करते हैं। मेले में अवलक, पच कल्यान, सिंधी, सजाव नस्ल के घोड़े मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि रविवार से घोड़ों की संख्या और बढ़ जाएगी। मेला कमेटी की ओर से अभी घोड़ा खरीद की रसीद काटने का कोई इंतजाम नहीं किया है, और नहीं ही कोई दाम निर्धारित किए गए हैं।

### नखासे में भी दुकानें सज गईं

घोड़ों को सजाने संवारने का सामान की दुकानें नखासा में लगाई गई हैं। यहां पर एटा, नबावगंज सहित कई जगह के दुकानदार दुकान लगाए हुए हैं। नखासे में इनका लाखों रुपये का कारोबार होता है। घोड़ों को सजाने के लिए कई प्रकार के सामानों का उपयोग किया जाता है। नबावगंज के दुकानदार गुड्डू ने बताया कि दुकानों पर लोग अपनी पसंद के गद्दे, चाबुक, घुंघरू, घंटी, लगाम, काठी, रस्सी, बेल्ट और रस्सी जैसी चीजें खरीद रहे हैं। यह सामान जानवरों की सजावट और उन्हें सुरक्षित रखने के लिए होता है।

# बेहतर इलाज को डॉक्टर रहें अपडेट

- **एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में दो दिवसीय प्रसूति एवं स्त्री रोग अपडेट 2025 कांफ्रेंस शुरू**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में दो दिवसीय प्रथम प्रसूति एवं स्त्री रोग कांफ्रेंस शनिवार को आरंभ हुई। बरेली आब्स्टेट्रिक्स एंड गायनोकोलाजी सोसायटी के सहयोग से कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की ओर से आयोजित कांफ्रेंस के उद्घाटन सत्र में चेयरमैन देव मूर्ति ने मुख्य अतिथि वर्धमान ट्रामा एवं लैप्रोस्कोपिक सेंटर मुजफ्फरनगर की डायरेक्टर डॉ. नूतन जैन को उनके व्याख्यान के लिए सम्मानित किया।

चेयरमैन देव मूर्ति ने मेडिकल साइंस में लगातार बदलाव की बात कही और अत्याधुनिक रिसर्च और तकनीक को जानना और अपडेट रहने पर जोर दिया। मेडिकल कालेज ने ग्रामीण क्षेत्रों में हेल्थ कुंडली बनाने का काम किया। 50 हजार लोगों से ज्यादा की हेल्थ कुंडली बनाई जा चुकी है। 14 हजार लोग डिप्रेशन के मिले। अस्पताल लाकर सभी का इलाज किया जा रहा है। आर्गनाइजिंग चेयरपर्सन डा .शशि बाला आर्य ने कांफ्रेंस की थीम भ्रूण से स्वस्थ वृद्धावस्था को स्पष्ट किया। डॉ. नूतन जैन ने कहा कि हेल्थ और रिसर्च में मेडिकल कालेज में बेहतरीन काम हो रहा है। प्रिंसिपल डॉ . एमएस बुटोला, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, डॉ. मृदु सिन्हा, डॉ.पारुल महेश्वरी, सुभाष मेहरा, डॉ. रवीश अग्रवाल, डॉ.लतिका अग्रवाल, डॉ.निर्मल यादव, डॉ.आरपी सिंह, डॉ.बिंदु गर्ग, डॉ.रोहित शर्मा, डॉ. क्रांति कुमार, डॉ. नमिता अग्रवाल, डॉ. मनोज टांगड़ी, डॉ.रुचिका गोयल मौजूद रहीं।



कांफ्रेंस में उपस्थित चेयरमैन देव मूर्ति व अन्य वरिष्ठ चिकित्सक। ● अमृत विचार

### कांफ्रेंस में इन विशेषज्ञों ने दिया व्याख्यान

एसजीपीजीआई लखनऊ के डॉ.अनुपम वर्मा, एलएलआरएम मेरठ की डॉ. रचना चौधरी के गंभीर प्रसूति विज्ञान में हर निर्णय महत्वपूर्ण और हर क्षण का महत्व पर व्याख्यान से कांफ्रेंस शुरू हुई। इंडियन फर्टिलिटी सोसायटी के प्रेसीडेंट कर्नल डॉ. पंकज तलवार ने प्रजनन चिकित्सा और आईवीएफ – आशा को जीवन में बदलना विषय पर वर्चुअल, दिल्ली की डॉ.एम गौर्वी देवी और डॉ. ऋतु खन्ना ने व्याख्यान दिया। डॉ. नीना मेहरोत्रा और डॉ.वंदना जैन ने रोबोटिक सर्जरी – गति में सटीकता, देखभाल में उत्कृष्टता से संबंधित विषयों पर व्याख्यान दिया। लैप्रोस्कोपी की चुनौतियों पर डा.नूतन जैन ने व्याख्यान दिया। यूपीसीओजी की सेक्रेटरी डॉ. भारती महेश्वरी और डॉ.आस्था अग्रवाल ने सौंदर्य प्रसाधन कॉस्मेटिक और स्त्री रोग जैसे विषयों पर लेक्चर दिया। डॉ. नवनीत मेगन, डा.किशन कपूर, डॉ. इंदु लता, डॉ. अरुणा निगम, डॉ.आयशा अहमद, डॉ.आरके मिश्रा मौजूद रहे।

# स्कूल के बच्चों को वेतन से बांटे जूते और मोजे

**बरेली, अमृत विचार** : समाज में शिक्षा के साथ संवेदना का संदेश देने वाली कंपोजिट विद्यालय बिथरी चैनपुर की शिक्षिका रेखा रानी ने शीतलहर के आगमन से पहले अपने वेतन से विद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए जूते और मोजे खरीदकर वितरित किए, ताकि बच्चे ठंड से बच सकें और नियमित रूप से विद्यालय आ सकें। शिक्षक संगठनों और स्थानीय लोगों ने शिक्षिका की इस पहल की सराहना की है।

रेखा रानी ने यह वितरण कार्यक्रम उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार की उपस्थिति में किया। इस दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी झलक उठी, जब उन्हें जूते-मोजे मिले। जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार ने शिक्षिका के इस मानवीय कार्य की सराहना की। कहा कि शिक्षक ही सच्चे अर्थों में राष्ट्र निर्माता हैं। रेखा रानी जैसी शिक्षिकाएं इस भावना को साकार कर रही हैं।

# कोर्स चिकित्सकों को आत्मविश्वास व कौशल दोनों प्रदान करते हैं : डॉ. लता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के बाल रोग विभाग की ओर से भारतीय बाल रोग अकादमी के सहयोग से शनिवार को दो दिवसीय एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट (पीडियाट्रिक) प्रोवाइडर कोर्स की सीएमई का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर डॉ. लता अग्रवाल ने कहा कि बाल आपात स्थितियों में प्रशिक्षित चिकित्सक एक सशक्त स्वास्थ्य प्रणाली की नींव है। ऐसे कोर्स चिकित्सकों को आत्मविश्वास और कौशल दोनों प्रदान करते हैं। यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर डॉ. अशोक अग्रवाल ने कहा कि रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज सदैव उत्कृष्टता और नैतिक शिक्षा के प्रति समर्पित रहा है। यह आयोजन हमारे संस्थान की अकादमिक सशक्तता का उदाहरण है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का नेतृत्व विभागाध्यक्ष डॉ. प्रीति लता राय एवं प्रोफेसर डा. अनीता कुमारी ने किया। संचालन कोर्स डायरेक्टर डा. पियाली भट्टाचार्य एवं कोर्स कोऑर्डिनेटर डा. प्रीति लता राय के मार्गदर्शन में हुआ। जिसमें 40 चिकित्सकों ने भाग लिया।

इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो. चांसलर डॉ. अशोक अग्रवाल, वाइस चांसलर डॉ. लता अग्रवाल, प्रिंसिपल डॉ. रजनीश पठानिया एवं आईएपी शाखा के अध्यक्ष डॉ. रुचिन अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। प्रिंसिपल डॉ. रजनीश पठानिया ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि एएलएस जैसे कोर्स चिकित्सकों को आपातकालीन स्थितियों में टीमवर्क और त्वरित निर्णय क्षमता विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं। डॉ. रुचिन अग्रवाल ने कहा कि आईएपी का उद्देश्य देशभर में बाल आपातकालीन देखभाल को सुदृढ़ करना है और आरएमसीएच इस दिशा में एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। दो दिवसीय प्रशिक्षण के पहले दिन कई विषयों पर व्याख्यान एवं हैंड्स-ऑन स्किल सत्र आयोजित किए गए। डॉ. अनीता कुमार, डॉ. नीता भार्गव, डॉ. संध्या चौहान, डॉ. प्रीति लता राय, डॉ. प्रियंका, डॉ. मानसिंह परिहार आदि का सहयोग रहा।



कार्यक्रम में बोलतीं वाइस चांसलर डॉ . लता अग्रवाल। ● अमृत विचार

- **रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में आईएपी एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट (पीडियाट्रिक) प्रोवाइडर कोर्स में बोलीं वाइस चांसलर**

## श्री हरि मंदिर में मनाया तुलसी विवाह


मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में महिला मंडल ने देवोत्थान एकादशी पर तुलसी शालिग्राम विवाह धूमधाम से मनाया। महिला मंडल अध्यक्ष रेनू छाबड़ा और उपाध्यक्ष कंचन अरोरा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम शुरू किया। इसके बाद मंगल गीत गाए और तुलसी और भगवान शालिग्राम का विवाह करवाया। रेनू छाबड़ा, उपाध्यक्ष कंचन अरोरा ने सभी भक्तों को तुलसी विवाह की बधाई दी। कंचन अरोड़ा, नीलम साहनी, नेहा आनंद, नीलम लुनियाल, प्रवेश कोचर, निशा लखानी आदि महिलाएं मौजूद रहीं। ● अमृत विचार

# खाटू श्याम के जन्मोत्सव पर निकाली निशान यात्रा


निशान यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचारः** देवोत्थान एकादशी पर शनिवार को शहामतगंज स्थित श्री शिरडी साईं-खाटूश्याम सर्वदेव मंदिर में बाबा खाटू श्याम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर के महंत पंडित सुशील पाठक ने बताया कि बाबा श्याम का श्रृंगार सेवा गुरमंगत परिवार की ओर से की गई। बताया कि दोपहर में निशान यात्रा मंदिर परिसर से हुई, जो जैन मंदिर और काली मंदिर पहुंची, जहां गौरव राजपूत ने स्वागत किया। रास्ते में उमाशंकर ऐरन ने सभी भक्तों को जलपान कराया। शाम को भजन संध्या में भजन गायक अभिराज सिंह, मोहन दीवाना, सोनल चंचल, प्रियंका चौहान व अक्षिता वाजपेयी ने भजन गाए। 11 किलो मेवा का केक और छप्पन भोग लगाए गए। संजय आयलानी, अशोक सक्सेना, विवेक पटेल, राजेश कुमार, सविता, कुलदीप गुप्ता, गौरव अरोरा, सत्यवती पाठक, दीक्षा पाठक आदि लोग मौजूद रहे।

# बांके बिहारी मंदिर में भक्तों ने कराया तुलसी विवाह

**बरेली, अमृत विचार** : राजेंद्र नगर स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में शनिवार को देवोत्थान एकादशी एवं तुलसी और शालिग्राम विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। सबसे पहले ठाकुर जी की बरात निकाली गई। जिसमें महिला मंडल, मंदिर कमेटी के सदस्य और भक्तों ने उत्साह के साथ भाग लिया। मंदिर परिसर में विधि विधान से तुलसी और शालिग्राम का विवाह भक्तों ने कराया। विनोद ग्रोवर, दिनेश तनेजा, अश्वनी अरोड़ा, विजय गुप्ता, विजय बंसल, मनोहर धीरवानी आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालु।

# श्रद्धा के साथ देवोत्थान एकादशी मनाई, किया पूजन


शहामतगंज बाजार में शकरकंद की खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार** : जिले भर में शनिवार को देवोत्थान एकादशी श्रद्धा के साथ मनाई गई। लोगों ने घरों के आंगन में गन्ने का मंडप बनाकर भगवान विष्णु की पूजा की। इसके साथ ही मांगलिक कार्य शुरू हो गए।

इस दिन भगवान विष्णु का चार माह का शयन समाप्त हुआ। पूजन के लिए लोगों ने बाजार से गन्ना, सिंघाड़ा और शकरकंद खरीदी। एक गन्ना 15 से 20 रुपये में बिका। शकरकंद 30 से 40 रुपये किलो बिकी, जबकि सिंघाड़ा 40 रुपये किलो के भाव पर बिका। लोगों इस दिन व्रत रखकर दान भी किया। महिलाओं ने आंगन में गेरू और चावल के आटे से चौक सजाकर गन्ने का मंडप बनाया। भगवान विष्णु की पूजा की। एकादशी पर तुलसी और शालिग्राम का विवाह भी होता है। मंदिरों और घरों में महिलाओं ने तुलसी पूजन भी किया।

- **घरों के आंगन में गन्ने का मंडप बना भगवान विष्णु की पूजा की**

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

Applications are invited from Indian/NRI/Foreign National Students for Admission to Ph.D. Programmes January 2026 session in the following disciplines

- Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Nursing M.Sc. (N) with 3 years teaching or clinical experience
- Faculty of Dental Sciences (All Specilities)
- Humanities and Journalism English
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Management
- Faculty of Allied Health Sciences (Faculty of Paramedical Sciences) (Ph.D. in Medical Laboratory Technology/Physiotherapy)

Application Fee
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD

Last Date of Receiving Application : 30th November, 2025

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee,
visit univeristy website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

# चुनौतियों से निपटने को वन वर्ल्ड, वन हेल्थ की समग्र दृष्टि जरूरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में शनिवार को वन वर्ल्ड, वन हेल्थ विषय पर जागरूकता रैली और संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मानव, पशु एवं पर्यावरण तीनों के स्वास्थ्य को समान महत्व देते हुए एक समग्र और सतत जीवनशैली को बढ़ावा देना था। यह आयोजन भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।

मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने कहा कि आज वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां जैसे संक्रामक रोग, जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और पशुजन्य संक्रमण मानव जीवन के हर पहलू को प्रभावित कर रही हैं। इनसे निपटने के लिए वन वर्ल्ड, वन हेल्थ की समग्र दृष्टि जरूरी है, जो मानव, पशु और पर्यावरण के बीच संतुलन स्थापित करती है। कॉलेज व अस्पताल के चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल कर्मियों, प्रशासनिक अधिकारियों और विद्यार्थियों ने स्वच्छता, रोग-निरोधक उपायों और पशु-मानव स्वास्थ्य सुरक्षा को अपनाने का संकल्प लिया। सत्र के दौरान विशेषज्ञों ने वन वर्ल्ड, वन हेल्थ से जुड़े विषयों जैसे रोगों की रोकथाम, पर्यावरण संरक्षण की तकनीकें, पशुजन्य रोगों की पहचान, टीकाकरण और अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य मानकों पर विस्तार से चर्चा की। प्राचार्य डॉ. रजनीश पठानिया, सामुदायिक चिकित्सा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी कत्यार, डॉ. मेधावी अग्रवाल, डॉ. गौरी सारस्वत सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख, क्लिनिकल फोकल पर्सन, नर्सिंग अधिकारी और छात्र उपस्थित रहे।



रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में रैली को हरी झंडी दिखातीं कुलपति डॉ . लता अग्रवाल।



रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में रैली निकालते एमबीबीएस एवं नर्सिंग स्टूडेंट्स।

- **रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में वन वर्ल्ड, वन हेल्थ थीम पर रैली और संगोष्ठी आयोजित**
- **मानव, पशु और पर्यावरण के समन्वित स्वास्थ्य पर दिया जोर, संतुलन को बताया आवश्यक**